**Roll No. ...................................**

# E–3193(S)

## B. A. (Part II) Suppl. EXAMINATION, 2021

**(New Course)**

HINDI LITERATURE

Paper First

(अर्वाचीन हिन्दी काव्य)

*Time : Three Hours* ] [ *Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 21

(क) जब तक अविद्या का अंधेरा हम मिटायेंगे नहीं,
जब तक समुज्ज्वल ज्ञान का आलोक पायेंगे नहीं,
तब तक भटकना व्यर्थ है सुख-सिद्धि के सन्धान में
पाये बिना पथ पहुँच सकता कौन इष्ट स्थान में।

अथवा

कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन, प्रिय-कर्म-रत मन,
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार
सामने तक मालिका, अट्टालिका, प्राकार।

(ख) आज का दुःख, कल का आह्लाद,
और कल का सुख, आज का विषाद,
समस्या स्वप्न-गूढ़ संसार
पूर्ति जिसकी उस पार।
जगत् जीवन का अर्थ विकास,
मृत्यु, गति क्रम का ह्रास।

अथवा

मानव ! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति ?
आत्मा का अपमान, प्रेत औ छाया से रति !
प्रेम-अर्चना यही, करे हम मरण को वरण ?
युग-युग के मृत आदर्शों के ताज मनोहर ?
मानव के मोहांध हृदय में किए हुए घर !

(ग) बड़े रस्ते, बड़े पुल, बाँध क्या कहने !
बड़े ही कारखाने हैं, इमारतें हैं,
जरा पोछूँ इन्हें आँसू उभर आये
बड़ापन यह न छोटी की इबादत है।

अथवा

दूसरों के घर
भीतर की ओर खुलते हैं,
रहस्यों की ओर
जिन रहस्यों को वे खोलते नहीं
शहरों में होते हैं
दूसरों के घर
दूसरों के घरों में
दूसरों के घर
दूसरों के घर हैं।

2. "मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीयता और जागरण के कवि हैं।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। 12

अथवा

'निराला मूलतः विद्रोही कवि हैं।' स्पष्ट कीजिए।

3. सुमित्रानंदन पंत की काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 12

अथवा

"माखनलाल चतुर्वेदी को एक राष्ट्रवादी कवि माना जाता है।" इस मत के संदर्भ में अपने विचार सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

अथवा

अज्ञेय की काव्य की अभिव्यक्ति और अनुभूति पक्षों पर अपने विचार लिखिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच पर टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(i) सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं का मूल स्वर।

(ii) अयोध्यासिंह उपाध्याय की काव्यभाषा एवं भावों का समन्वय।

(iii) 'वह तोड़ती पत्थर' काव्य की संक्षिप्त समीक्षा।

(iv) श्रीकांत वर्मा के काव्य में समकालीनता।

(v) प्रयोगवाद की तीन प्रमुख विशेषताएँ ।

(vi) 'निःशस्त्र सेनानी' कविता का केन्द्रीय भाव।

(vii) नई कविता और प्रयोगवाद में अन्तर।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई पंद्रह) : प्रत्येक 1

(i) 'एक भारतीय आत्मा' के रूप में किस राष्ट्रकवि को संबोधित किया गया है ?

(ii) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के रचनाकार का नाम बताइए।

(iii) 'तारसप्तक' के संपादक का नाम लिखिए।

(iv) छायावाद के प्रथम कवि किन्हें माना जाता है ?

(v) 'सुरपति के हम ही हैं अनुचर' पंक्ति में अनुचर किसको कहा गया है ?

(vi) 'उलाहना' कविता में कवि ने किस पर व्यंग्य किया है ?

(vii) हरिवंश राय बच्चन किस वाद के कवि हैं ?

(viii) प्रकृति के सुकुमार कवि किन्हें कहा जाता है ?

(ix) 'बलि पंथी से' कविता में किसके लिए संदेश है ?

(x) दो प्रगतिवादी कवियों के नाम लिखिए।

(xi) माखनलाल चतुर्वेदी ने 'पुष्प की अभिलाषा' नामक कविता किस जेल में लिखी थी ?

(xii) 'प्रियप्रवास' किसकी रचना है ?

(xiii) 'बिखरे मोती' किस कवयित्री का कथा संग्रह है ?

(xiv) 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक का नाम बताइए।

(xv) नई कविता का आरंभ कब से माना जाता है ?

(xvi) 'जयद्रथ वध' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(xvii) 'दूर्वांचल' के रचनाकार कौन हैं ?